पत्रांक—BSEB(SS)/KEN/..837...... / 2024

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

प्रेषक,

**परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

सेवा में,

**सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,**
बिहार।

पटना, दिनांक : ..15.... / ..06...... / 2024

**विषयः माह जून, 2024 में 12वीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए मासिक परीक्षा आयोजित करने के संबंध में आवश्यक सूचना।**

**प्रसंगः शिक्षा विभाग की अधिसूचना सं0 09/विविध–62/2023–889, पटना, दिनांक 05.12.2023**

**महाशय,**

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक विभागीय अधिसूचना के अनुसार राज्य के उच्च माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए मासिक परीक्षा आयोजित किए जाने का निर्णय संसूचित है। मासिक परीक्षा +2 विद्यालय/महाविद्यालय के स्तर पर संचालित होगी। 12वीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए माह जून, 2024 की मासिक परीक्षा दिनांक 21.06.2024 से 29.06.2024 तक आयोजित होगी। परीक्षा का कार्यक्रम निम्नवत् हैः—

**Programme**

**Intermediate Monthly Examination (Theory), 2024**

**Month - June** (For Class XII )

| Date of Examination | Faculty | 1st Sitting (06.30 AM-08.00 AM) | | Faculty | 2nd Sitting (08.30AM - 10.00 AM) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **21-06-2024 (Friday)** | I.Sc | 117- Physics | | I.Sc | 118- Chemistry | |
| | I.Com. | 218- Entrepreneurship | | I.Com. | 220- Accountancy | |
| | I.A. | 320- Philosophy | | I.A. | 322- Political Science | |
| **24-06-2024 (Monday)** | I.Sc | 121- Mathematics | | I.Sc. | 119- Biology | |
| | I.A. | 327- Mathematics | | I.Com. | 217- Business Studies | |
| | | | | I.A. | 323- Geography | |
| **25-06-2024 (Tuesday)** | I.Sc | 105- English | उन परीक्षार्थियों के लिए जिनके द्वारा इस भाषा विषय का चयन **अनिवार्य विषय समूह** के अन्तर्गत किया गया है। | I.Sc. | 106-Hindi | उन परीक्षार्थियों के लिए जिनके द्वारा इस भाषा विषय का चयन **अनिवार्य विषय समूह** के अन्तर्गत किया गया है। |
| | I.Com | 205- English | | I.Com | 206-Hindi | |
| | I.A. | 305- English | | I.A. | 306-Hindi | |
| **26-06-2024 (wednesday)** | I.Sc | 107- Urdu, 108- Maithili, 109- Sanskrit, 110- Prakrit, 111- Magahi, 112- Bhojpuri, 113- Arabic, 114- Persian, 115- Pali, 116- Bangla | उन परीक्षार्थियों के लिए जिनके द्वारा इन भाषा विषयों में से किसी एक विषय का चयन **अनिवार्य विषय समूह** के अन्तर्गत किया गया है। | I.A. | 324- Psychology | |
| | I.Com | 207- Urdu, 208- Maithili, 209- Sanskrit, 210- Prakrit, 211- Magahi, 212- Bhojpuri, 213- Arabic, 214- Persian, 215- Pali, 216- Bangla | | | | |
| | I.A. | 307- Urdu, 308- Maithili, 309- Sanskrit, 310- Prakrit, 311- Magahi, 312- Bhojpuri, 313- Arabic, 314- Persian, 315- Pali, 316- Bangla | | | | |



Ar Carrier Point- Sumit Sir
arcarrierpoint.com

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **27-06-2024 (Thursday)** | I.Sc | 120- Agriculture | I.A. | 325- Sociology |
| | I.Com | 219-Economics | | |
| | I.A. | 326- Economics | | |
| **28-06-2024 (Friday)** | I.A. | 321- History | I.A. | 318- Music |
| **29-06-2024 (Saturday)** | I.A. | 319- Home Science | | xxx |

**2.(i)** मासिक परीक्षा के अन्तर्गत सैद्धान्तिक विषयों की परीक्षा आयोजन हेतु गोपनीय एजेंसी द्वारा दिनांक **16.06.2024 से 18.06.2024** तक की अवधि में गोपनीय प्रश्न–पत्र आपके कार्यालय में प्राप्त कराया जाना संभावित है। इसलिए यह आवश्यक है कि गोपनीय मुद्रक के प्रतिनिधि द्वारा आपूरित प्रश्न–पत्र प्राप्त कर एजेंसी प्रतिनिधि को प्राप्ति रसीद दे दिया जाए तथा प्रश्न–पत्र को अपनी अभिरक्षा में सुरक्षित रखवा लिया जाए।

**(ii)** आपूरित गोपनीय सामग्री को दिनांक **18.06.2024** तक अपने जिलान्तर्गत सभी मान्यता प्राप्त +2 स्तर के शिक्षण संस्थानों के प्रधान अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि को अनिवार्य रूप से प्राप्त कराने की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक कार्रवाई ससमय कराना सुनिश्चित कराएँगें। साथ ही शिक्षण संस्थान के प्रधान/उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि को अपने स्तर से स्पष्ट निर्देश देंगे कि किसी भी परिस्थिति में इसकी गोपनीयता भंग न हो पाए। गोपनीय सामग्रियों के सुरक्षित संधारण की सम्पूर्ण जवाबदेही शिक्षण संस्थान के प्रधान की होगी।

**(iii)** शिक्षण संस्थान के प्रधान का यह दायित्व होगा कि जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से **दिनांक 18.06.2024** तक अचूक रूप से स्वयं अथवा विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से प्रश्न–पत्र प्राप्त करेंगे तथा मासिक परीक्षा से संबंधित सूचना विद्यालय/महाविद्यालय के सूचनापट्ट एवं वर्ग शिक्षक के माध्यम से भी अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

**3.** सभी मान्यता प्राप्त +2 विद्यालय/महाविद्यालय के प्रधान उपर्युक्त कार्यक्रम के अनुसार अपने शिक्षण संस्थान से मासिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों की मासिक परीक्षा आयोजित कर परीक्षा परिणाम निम्नांकित प्रारूप में दिनांक **03.07.2024** तक अनिवार्य रूप से तैयार करना/कराना सुनिश्चित करेंगे।

**<u>12वीं के माह जून, 2024 की मासिक परीक्षा, 2024 का प्राप्तांक प्रविष्टि प्रारूप –</u>**

**+2 School/College code:-**
**+2 School/College Name:-**

| Roll No | Class | Student's Name Mother's Name Father's Name | M/F | Compulsory Subjects (Marks Obtained) | | | | Elective Subjects (Marks Obtained) | | | | | | | | | Aggregate & Result | Result |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Subject-1 | Marks | Subject-2 | Marks | Subject-1 | Theory | Marks | Subject-2 | Theory | Marks | Subject -3 | Theory | Marks | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

**4.** वर्णित परिदृश्य में अनुरोध है अपने जिला अवस्थित शिक्षण संस्थानों के प्रधान की बैठक (अथवा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से) आहूत कर उन्हें मासिक परीक्षा आयोजित करने तथा परीक्षा परिणाम दिनांक **03.07.2024** तक तैयार करने के संबंध में निदेशित करेंगे। मासिक परीक्षा के आयोजन के समय किसी शिक्षण संस्थान की मान्यता निलंबित/रद्द की गई हो तथा परीक्षा के परिप्रेक्ष्य में कोई मामला सामने आता हो, तो जिला शिक्षा पदाधिकारी किसी निकट के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान से

A r Carrier Point- Sumit Sir
arcarrierpoint.com

निलम्बित/रद्द वाले महाविद्यालय/+2 विद्यालय के विद्यार्थियों को सम्बद्ध कर मासिक परीक्षा में सम्मिलित कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए समिति को भी प्रतिवेदित करेंगे।

विश्वासभाजन

**परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०),**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

**ज्ञापांक :– BSEB(SS)/KEN/.837.../2024** **पटना, दिनांक :– ...15.../.06../2024**

**प्रतिलिपि:** 1. उप निदेशक, आई०टी० / सिस्टम एनालिस्ट (उ०मा०) को सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि राज्य के सभी +2 विद्यालय/महाविद्यालयों को इस पत्र की प्रति ई–मेल/WhatsApp के द्वारा प्रेषित किया जाए।

2. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव, विशेष कार्य पदाधिकारी, निदेशक, आई०टी० तथा परीक्षा नियंत्रक (मा०) को सूचनार्थ प्रेषित।

15.6.24

**परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०),**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

15.6.24 15/6/24

A r Carrier Point- Sumit Sir
arcarrierpoint.com